51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 21.2°c | अधिकतम 35.3°c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

मो. 94127-10840

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:20, सूर्यास्त : 7:13 | वर्ष : 51/ अंक : 148 | मंगलवार, 30 मई 2023 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

अगर जिंदगी में सुकून चाहते हो तो फोकस अपने काम पर करो, लोगों की बातों पर नहीं।


**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

चौधरी चरण सिंह का दिखलाया रास्ता सभी के लिए अनुकरणीय : योगी आदित्यनाथ




उनके रस्ते पे सच है सेवा है... कौन चलता है ऐसे रस्ते पर?.......












51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 51/ अंक : 148 | मंगलवार, 30 मई 2023 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-2

## यूपी विधान परिषद चुनाव में दोनों सीटों पर भाजपा की जीत

**लखनऊ, 29 मई (एजेंसी)।** यूपी में विधान परिषद की दो रिक्त सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए मतदान के बाद परिणाम भी घोषित कर दिये गये हैं। इस चुनाव में दोनों सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों ने बड़े अंतर से जीत हासिल की है। प्रदेश के 403 में से 396 विधायकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कांग्रेस के दो व बसपा के एक विधायक ने मतदान में भाग नहीं लिया। विधान परिषद उप चुनाव में दोनों सीट का परिणाम घोषित कर दिया गया। भाजपा के पदमसेन चौधरी को 279 और सपा के रामकरन को उम्मीदवार को 116 वोट मिले हैं। एक वोट खारिज हुआ है। उधर, दूसरी सीट पर भाजपा के मानवेन्द्र सिंह को 280 और सपा के रामजतन को 116 वोट मिले।

यूपी विधान परिषद के दो सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए मतदान के दौरान समाजवादी पार्टी के दो और सुभासपा का एक विधायक जेल में होने के कारण मतदान नहीं कर सका। वहीं, स्वास्थ्य खराब होने के कारण सपा विधायक मनोज पारस भी मतदान नहीं कर सके। कांग्रेस के दोनों विधायकों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। बसपा के भी एक विधायक ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

# बिंदल पेपर मिल में भीषण आग से डेढ़ सौ करोड़ स्वाहा

**▶▶ करीब 32 फुट ऊंची लपटों के साथ कई किलोमीटर तक फैला धुएं का बादल ▶▶ 19 दमकल गाड़ियां 17 घंटे के बाद भी नहीं पा सकी आग पर काबू**





फोटो बुलेटिन — बिन्दल पेपर फैक्ट्री में लगी विकराल आग के दृश्य।

**दो गोदामों में रखा करोड़ों का पेपर और मशीनें जलकर हुईं खाक, भवन क्षतिग्रस्त नोएडा, मेरठ व आसपास के कई जिलों से मंगाई गई फायर टेंडर की गाड़ियां**

**मुजफ्फरनगर, 29 मई (बु.)।** यूपी की पहले नंबर की पेपर मिलों में शुमार जिले की शान मानी जाने वाली बिंदल पेपर मिल में आज सुबह लगी आग से डेढ़ सौ करोड़ से अधिक का नुकसान होने का अंदेशा है। सुबह करीब चार बजे शुरू हुई आग पर देर शाम तक भी पूरी तरह से काबू नहीं किया जा सका था। करीब 32 फुट की ऊंचाई तक उठी लपटों से आसपास भी दहशत देखी गई। आग में जहां साठ से सत्तर करोड़ का कागज का स्टॉक स्वाह हो गया, वहीं करोड़ों रुपये की विदेशी व भारतीय मशीनें आग से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आग इतनी भयंकर थी कि भवन की दीवारें और छत भी बिस्मार हो गई। आग की लपटों के साथ उठा धुआं कई किलोमीटर तक फैल गया। गनीमत यह रही कि कोई भी इससे घायल नहीं हुआ।

जिले के उद्योग जगत के लिए आज आग एक सदमे भरी खबर लेकर आई। आज सुबह भोपा रोड स्थित बिंदल पेपर मिल में लगी आग से उद्योग जगत हिल उठा। आग लगने का पता चलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए गए थे, लेकिन कागज में फैली आग इतनी तेजी से फैली कि सभी हालात के आगे बेबस नजर आए। मिल के पास अपने उपकरणों के साथ आसपास की मिलों के फायर टेंडर्स को आग बुझाने में लगाया गया। इसके साथ ही सूचना के बाद शहर तथा जानसठ व खतौली से आई दमकल की गाड़ियां भी आग बुझाने में जुट गईं। आसपास के जिलों के अलावा मेरठ व नोएडा तक से आग बुझाने की गाडियां इसमें लगाई गईं। दमकल की सात गाडियों के अलावा आसपास के मिलों से आईं एक दर्जन गाडियां आग बुझाने में लगाई गईं। इसके बावजूद देर शाम तक भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका था। कागज में लगी आग बड़ी तेजी के साथ फैली और स्थिति यह थी कि इसने कुछ ही देर में मशीनों के साथ वहां रखे तैयार कागज और रॉ मैटिरियल को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग से फिनिशिंग यूनिट पूरी तरह से तबाह हो गई। हालात यह थे कि दमकल की गाड़ियां पानी डालकर आग को बुझाती लेकिन कागज के ढेर के नीचे से आग लगातार भड़कती जाती। मशीन सेक्शन के साथ पास में गोदाम में आग पहुंच गई। वहां करीब छह हजार टन कागज पूरी तरह से आग की चपेट में आ गया। आग में फैक्ट्री को शेड और दीवारें भी गिरने लगीं। इस बीच आग के पास में एक अन्य गोदाम में पहुंचने के बाद इसे बचाने में दमकल कर्मियों के हाथ पांव फूल गए। आग से वहां रखे तैयार कागज के रोल और कच्चा माल भी जलकर खाक हो गया। आग की सूचना पर एसडीएम सदर परमानंद झा मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य की निगरानी की। सीओ मंडी हिमांशु गौरव व नई मंडी कोतवाली प्रभारी भी मौके पर पहुंचे।

### डेढ़ सौ करोड़ से अधिक की क्षति: राकेश बिंदल

**मुजफ्फरनगर।** बिंदल ग्रुप के चेयरमैन राकेश बिंदल ने कहा कि बिन्दल पेपर मिल में लगी इस आग से कंपनी को करीब डेढ़ सौ करोड़ की क्षति हुई है। फैक्ट्री का काफी हिस्सा और साठ से सत्तर करोड़ का तैयार माल आग में जल गया। आग से पूरा भवन क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा फैक्ट्री में लगी तमाम विदेशी तथा भारतीय मशीनें इस भीषण आग से लगभग नष्ट हो गई हैं। उन्होंने कहा कि देर शाम तक भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। ऐसे में आग बुझने के बाद इससे हुई क्षति के आकलन का काम हो सकेगा। इसके बाद ही नुकसान का वास्तविक अनुमान लगाया जा सकेगा।



फोटो बुलेटिन — बिन्दल पेपर में आग की सूचना पर पहुंचे उद्यमी व अन्य लोग मालिक राकेश बिन्दल के साथ।



### डीएम के अलावा गौरव स्वरूप तथा अन्य नेता तथा उद्यमी भी मौके पर पहुंचे

**मुजफ्फरनगर। जिले की बड़ी औद्योगिक ईकाई में भीषण आग से प्रशासन भी सन्नाटे में आ गया। खुद जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी सूचना मिलने के बाद अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उसने पहले अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह भी पहुंच चुके थे तथा डीएम ने राकेश बिन्दल से मिलकर मिल में आग का जायजा लिया, उनके प्रयास से ही आसपास के जिलों से गाड़ियां मंगाई गईं। आग के विकराल रूप को देखकर मेरठ और नोएडा से भी फायर टेंडर मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुटे, लेकिन धूप और तेज हवाओं ने आग पर काबू करने के अभियान को प्रभावित किया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है, लेकिन जिलाधिकारी ने आग लगने के कारणों व इससे हुई क्षति का आकलन करने के आदेश दिए हैं। आग लगने की सूचना मिलते ही राकेश बिंदल, अंकित बिंदल, मयंक बिंदल और विकास बिंदल भी वहां पहुंचे। भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। तमाम उद्यमी भी इस अग्निकांड की सूचना पर वहां पहुंचे। पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, भीम कंसल, राजेश जैन, पूर्व सांसद कादिर राना, संजय मित्तल, संजय जैन, राजीव जैन, विपिन जैन, दिनेशम् मोहन एड., अंजू अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल व भाजपा नेता राहुल गोयल ने पेपर मील पर पहुंचकर बिंदल परिवार के सदस्यों से इस संकट की घड़ी में दुख व्यक्त करते हुए संयम और धैर्य बनाए रखने का निवेदन किया। पेपर मिल ऐसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि यह आग जिले के पेपर उद्योग को गहरा जख्म दे गई है, जिसे भरने में वक्त लगेगा।**

## नील गाय से टकराई बाइक, सड़क हादसों में दो युवकों की हुई मौत

**मुजफ्फरनगर, 29 मई (बु.)।** रोहाना क्षेत्र में बाइक के नील गाय से टकरा जाने पर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तितावी क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में भी एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि देवबंद निवासी 28 वर्षीय दीपक पुत्र पप्पू बाइक पर सवार होकर जा रहा था। रोहाना के पास अचानक जंगल से निकलकर आई नील गाय उसकी बाइक से टकरा गई, जिससे वह सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हाईवे एंबूलेंस ने उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार एक अन्य घटना में तितावी क्षेत्र मे हुए सड़क हादसे में चरथावल थाना क्षेत्र के गांव सिंगलपुर निवासी 32 वर्षीय राहुल पुत्र सुखवीर गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है और परिजनों को सभी सूचना दे दी गई थी।

## सहारनपुर में गुर्जर-राजपूत समाज में तनातनी, सीमाएं सील

**सहारनपुर, 29 मई (एजेंसी)।** सहारनपुर में सम्राट मिहिर भोज को लेकर गुर्जर और राजपूत समाज में लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों समाज के लोगों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। गुर्जर समाज ने आज जिले में धारा 144 और प्रशासन की अनुमति के बिना सम्राट मिहिर भोज को लेकर गुर्जर गौरव यात्रा निकाली। वहीं, पुलिस-प्रशासन बेबस नजर आया। वही, राजपूत समाज ने यात्रा का विरोध कर दिया है। प्रतिबंध के बावजूद गुर्जर समाज द्वारा गौरव यात्रा निकालने के विरोध में राजपूत समाज के लोगों ने भी सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया। गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज गौरव यात्रा फंदपुरी से निकाली गई। गुर्जर समाज के सैकड़ों लोग फंदपुरी में एकत्र हुए। वहां से उन्होंने पैदल गौरव यात्रा शुरू की। प्रशासन ने यात्रा पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ था। इसके बावजूद लोगों ने यात्रा शुरू की। यात्रा रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने नकुड क्षेत्र में बैरिकेडिंग वगैरह लगाकर सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए, लेकिन गुर्जर समाज के लोग नहीं रूके। वहीं गुर्जर व राजपूत समाज में तनातनी को देखते हुए जिले में इरठछ व ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा बंद की गई है। गुर्जर समाज के लोगों को मानना है कि सम्राट मिहिर भोज एक गुर्जर सम्राट थे जबकि राजपूत समाज का मानना है कि सम्राट मिहिर भोज एक क्षत्रिय सम्राट थे।

### राजपूतों संग पुलिस की धक्का-मुक्की

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने गौरव यात्रा का विरोध करने सहारनपुर जा रहे राजपूत समाज के लोगों को बॉर्डर पर रोका तो पुलिस और लोगों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पुरण सिंह ने कहा कि पुलिस का यह रवैया ठीक नहीं है। मिहिर भोज को लेकर गुर्जर और राजपूत समाज के बीच विवाद छिड़ा हुआ है। रविवार शाम से ही जनपद की सीमाएं सील कर दी गई थी। गुर्जर समाज के लोगों को सहारनपुर रवाना होने से रोका जा रहा था। सोमवार को सहारनपुर में गौरव यात्रा निकाले जाने की जानकारी मिलते ही जनपद के चरथावल और बिरालसी क्षेत्र के राजपूत समाज के लोग किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह के नेतृत्व में सहारनपुर के लिए रवाना होने लगे। एसपी सिटी की मौजूदगी में स्थानीय थाना पुलिस और फोर्स ने उन्हें मुजफ्फरनगर- सहारनपुर बॉर्डर गांव बलवाखेड़ी के समीप रोक लिया। इस दौरान पुलिस और राजपूत समाज के लोगों के बीच तीखी झड़प हुई। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि सभी लोगों को समझा-बुझाकर शांत कर दिया गया है।

## बच्चों में कहासुनी के बाद मारपीट, एक युवक घायल, वृद्ध की मौत

**भोपा, 29 मई (बु.)।** बच्चों में मामूली कहासुनी के बाद एक ही समुदाय के दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक युवक व वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में ही वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम बेहडा सादात निवासी अजय पुत्र स्वराज ने बताया कि बच्चों के बीच कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद उसने बच्चों को समझाकर घर भेज दिया। जिसके बाद पड़ोस के ही चार-पांच व्यक्तियों ने लाठी, डंडे व हॉकी से उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया, तभी खेत से आए अजय के 55 वर्षीय पिता स्वराज अपने पुत्र को घायल पड़ा देखकर बेहोश होकर गिर गये। आनन-फानन में घायल अजय को सीएचसी भोपा ले जाया गया, जहां से उसे बेगराजपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुनील कसाना ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। अभी घटना की तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

**सोशल मीडिया संवाद... पत्रकारों से बोले सीएम-साइबर योद्धा दुनिया में पहुंचाएं बदलते भारत की नई तस्वीर**

# सोशल मीडिया का कोई दायरा नहीं: सीएम योगी

### मोदी जी ने निर्बल भारत को शक्तिशाली बनाया: केशव प्रसाद



**लखनऊ, 29 मई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया संवाद कार्यक्रम में कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की भांति ही अपने देश पर आतंकी (शेष पृष्ठ 4 पर)

### सोशल मीडिया किसी ब्रह्मास्त्र से कमतर नहीं: पाठक



**लखनऊ, 29 मई (एजेंसी)।** डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म की शक्ति को असीमित बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया आज का (शेष पृष्ठ 4 पर)

### आज सोशल मीडिया सशक्त माध्यम बना है: भूपेन्द्र चौधरी



**लखनऊ, 29 मई (एजेंसी)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने सोशल मीडिया एवं पत्रकार संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज (शेष पृष्ठ 4 पर)

**लखनऊ, 29 मई (एजेंसी)।** करीब 20 साल पहले प्रिंट मीडिया का बोलबाला था। फिर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आया। उस समय इसकी संख्या बहुत कम थी, फिर धीरे-धीरे इसकी संख्या में बढ़ोतरी हुई। वहीं पिछले सात आठ वर्षों में सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया का तेजी से प्रचार-प्रसार हुआ। पहले जहां लोग सुबह न्यूज पेपर पढ़कर देश-विदेश की गतिविधियों से रूबरू होते थे, वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से अब देश-दुनिया की पल-पल की खबर लोगों तक पहुंच रही है। इसे स्मार्ट फोन ने और आसान बना दिया है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल भी किया जा रहा है। ऐसे में डिजिटल क्रांति में वही ठहर पाएगा, जो इसका सही इस्तेमाल करेगा। बाकी तो आते-जाते रहेंगे। अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखना सबसे अहम है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) में आयोजित सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स को सोशल मीडिया संवाद कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रिंट मीडिया का सीमित दायरा होता है, लेकिन सोशल मीडिया का कोई दायरा नहीं होता है। ऐसे में आप सभी पिछले 9 वर्षों में बदलते भारत की तस्वीर को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के साथ



**यूपी में बिना भेदभाव के डबल इंजन की सरकार ने मुस्लिमों को आबादी से ज्यादा योजनाओं का लाभ**

वायरल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का वैश्विक मंच भारत की प्रतिष्ठा और विरासत का सम्मान हो रहा है। इसमें सोशल मीडिया की भी अहम भूमिका रही है। सीएम योगी ने कहा कि सोशल मीडिया का ही नतीजा है कि चीन में आज योग की सबसे ज्यादा क्लासेस लग रही हैं। इतना ही नहीं आयुष दुनिया में छा गया है, लोग आयुर्वेद के पीछे भाग रहे हैं जबकि 9 वर्ष पहले देश के राजनयिक संबंधों और कूटनीतिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने में कितनी परेशानी आती होगी, यह बात केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से अच्छी तरह भला कौन जान सकता है। वहीं आज ऐसी स्थिति नहीं है। आज दुनिया भारत के सामर्थ्य को देखने आ रही है, जिसे हमें सोशल मीडिया के माध्यम से वैश्विक स्तर पर पहुंचाना होगा। इसके लिए हमें एनालिसिस करना होगा ताकि हम जो दुनिया को दिखा रहे हैं उसकी विश्वसनीयता और प्रमाणिकता बनी रहे।

सीएम योगी ने कहा कि वैश्विक मंच पर बढ़ती भारत की प्रतिष्ठा, देश के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, गरीब कल्याणकारी योजनाओं समेत महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए गए बेहतर कदमों को सोशल मीडिया के माध्यम से हाईलाइट कर सकते हैं। इससे हम देश दुनिया से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ सकते हैं। उन्हें सही तथ्यों से अवगत करा सकते हैं क्योंकि हम उन्हे जो मैटेरियल देंगे तो उसे ही लोग स्वीकार करेंगे इसलिए उसकी प्रमाणिकता जरूरी है ताकि अगर वह कहीं से उस तथ्यों को क्रॉस चेक करे तो उन्हें सही जानकारी मिले। इससे आपकी विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। सीएम योगी ने कहा कि आपने एग्जिट पोल में देखा होगा, जो जमीनी धरातल पर कार्य करता है उसका ही आकलन सही होता है। प्रदेश में 6 वर्षों में 54 लाख गरीबों को आवास दिये गये। उनके आधे-आधे मिनट के वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करें ताकि दुनिया को पता चल सके एक योजना आर्थिक स्वावलंबन का कैसे आधार बनी। यह महज एक उदाहरण है। सोशल मीडिया पर इस तरह की योजनाओं को वायरल करने से बड़ी संख्या में लोगों के जीवन में परिवर्तन आ सकता है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम आबादी 19 से 20 फीसदी होगी जबकि योजनाओं में मुस्लिम लाभार्थियों की संख्या 35 फीसदी थी, जो यह दर्शाता है कि सरकार बिना किसी भेदभाव के सबको विकास से जोड़ रही है। इस असलियत को सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया के सामने लाना चाहिये ताकि जो लोग वैश्विक मंच पर देश को बदनाम करने की कोशिश करते हैं उनका मुंह बंद हो जाए। दुनिया को यह पता चले कि डबल इंजन की सरकार तुष्टिकरण नहीं करती है।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल और बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया मौजूद रहे।

## बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने जताया सीएम योगी का आभार

**मुजफ्फरनगर, 29 मई (बु.)।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को सोशल मीडिया व पत्रकार संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर काम कर रहे प्रदेश भर के पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम को मुख्य रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया संबोधित। मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने इसके लिए आभार जताया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रिजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य के अलावा केन्द्रीय मंत्री सरदार हरदीप पूरी और राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने किया। इस सोशल मीडिया पत्रकार संवाद कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक व प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के सदस्य अंकुर दुआ, ब्यूरो इंचार्ज राकेश शर्मा, पूजा बत्रा और संवाददाता दीपक वत्स के अलावा भाजपा के आईटी सेल के प्रभारी रक्षित नामदेव भी शामिल हुए। आयोजकों ने कार्यक्रम में बुलेटिन टीम का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके सोशल मीडिया प्लेटफार्म की सराहना की। इनके अलावा जिले से पत्रकार शरद गोयल, सलेक पाल चिंगारी और अमरीश समाचार बुलेटिन से अमरीश बालियान ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।



फोटो बुलेटिन — संवाद कार्यक्रम में मौजूद बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, बुलेटिन ब्यूरो इंचार्ज राकेश शर्मा और टीम के अन्य सदस्य।

